Australian Government
Services Australia

HINDI

नए आए निवासियों के लिए प्रतीक्षा अवधियाँ

यदि आप हाल ही में ऑस्ट्रेलिया आए/आई हैं, तो इससे पहले कि आपको हमारे अधिकांश आमदनी सहायता भुगतान और अधिकांश पारिवारिक भुगतान मिलें, आपको सामान्यत: कुछ समय के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

प्रतीक्षा अवधि

यदि आपके परिवार का कोई सदस्य यहां रहता है तो भी आपके लिए प्रतीक्षा अवधि लागू होगी। इस प्रतीक्षा अवधि में वह समय शामिल होगा जो आपने परमानेंट रेज़ीडेंट निवासी के तौर पर ऑस्ट्रेलिया में बिताया है।

इस प्रतीक्षा अवधि के दौरान, काम खोजने में सहायता के लिए आप Workforce Australia या Community Development Program के साथ रजिस्टर कर सकते/ती हैं। आप हमारे सेवा केन्द्रों में उपलब्ध रोज़गार स्व-सहायता सुविधाओं का प्रयोग भी कर सकते/ती हैं।

प्रतीक्षा अवधि पर छूट

हो सकता है कि Newly Arrived Resident’s Waiting Period हमेशा लागू न हो। जैसे कि, यदि आप Australia’s Humanitarian Programme के अधीन एक शरणार्थी के तौर पर आए/आई हैं तो।

और अधिक जानकारी के लिए

- अंग्रेज़ी में और अधिक जानकारी के लिए **servicesaustralia.gov.au/newresidentswaiting** देखें
- **servicesaustralia.gov.au/yourlanguage** पर जाएँ, जहाँ आप जानकारी को अपनी भाषा में पढ़, सुन सकते/ती हैं या विडियो देख सकते/ती हैं
- Centrelink भुगतानों और सेवाओं के लिए, अपनी खुद की भाषा में किसी से बात करने के लिए **131 202** पर फोन करें।
- Medicare के लिए, **132 011** पर फोन करें और यदि आपको दुभाषिए की ज़रूरत है तो हमें बताएँ। हम नि:शुल्क इसकी व्यवस्था करेंगे।
- Child Support के लिए **131 272** पर फोन करें और यदि आपको दुभाषिए की ज़रूरत है तो हमें बताएँ। हम नि:शुल्क इसकी व्यवस्था करेंगे।
- किसी सेवा केन्द्र में जाएँ।

ध्यान दें: ऑस्ट्रेलिया में कहीं से भी आपके घर के फोन से '13' नम्बरों पर की जाने वाली कॉल्स पर एक निश्चित दर पर शुल्क लिया जाता है। यह दर एक स्थानीय कॉल की दर से भिन्न हो सकती है और अलग-अलग टेलीफोन सेवा प्रदाताओं की दर अलग-अलग हो सकती हैं। आपके घर के फोन से '1800' पर किए जाने वाले कॉल्स निःशुल्क होते हैं। सार्वजनिक और मोबाइल फोनों से की जाने वाली कॉल्स पर समय के हिसाब से अधिक दर पर शुल्क लिया जा सकता है।

अस्वीकरण वक्तव्य

इस प्रकाशन में निहित जानकारी का उद्देश्य भुगतानों और सेवाओं के लिए केवल मार्गदर्शन मात्र है। आप किसी भुगतान के लिए आवेदन करना चाहते/ती हैं या नहीं यह तय करना और आपकी विशिष्ट परिस्थितियों के अनुसार आवेदन करना आपका उत्तरदायित्व है।

Waiting periods for newly arrived residents

If you recently arrived in Australia, you will generally have to wait some time before you can get most of our income support payments and most family payments.

Waiting period

A waiting period will apply to you even if you have a family member living here. This waiting period will consider any time you have spent in Australia as a resident with a permanent visa.

During this waiting period, you can register with Workforce Australia or the Community Development Program to help find work. You can also use the employment self-help facilities available in our service centres.

Exemptions to the waiting period

The Newly Arrived Resident's Waiting Period may not always apply. For example, if you arrive as a refugee under Australia's Humanitarian Programme.

For more information

- Go to **servicesaustralia.gov.au/newresidentswaiting** for more information in English
- Go to **servicesaustralia.gov.au/yourlanguage** where you can read, listen to or watch videos with information in your language
- For Centrelink payments and services call **131 202** to speak with someone in your own language.
- For Medicare call **132 011** and let us know if you need an interpreter. We will arrange one for free.
- For Child Support call **131 272** and let us know if you need an interpreter. We will arrange one for free.
- Visit a service centre.

Note: calls from your home phone to '13' numbers from anywhere in Australia are charged at a fixed rate. That rate may vary from the price of a local call and may also vary between telephone service providers. Calls to '1800' numbers from your home phone are free. Calls from public and mobile phones may be timed and charged at a higher rate.

Disclaimer

The information contained in this publication is intended only as a guide to payments and services. It's your responsibility to decide if you wish to apply for a payment and to make an application with regard to your particular circumstances.